भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †819
सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

केरल में एसडीएस 2.0 के अंतर्गत विकास

†819. एडवोकेट डीन कुरियाकोसः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने केरल राज्य में स्वदेश दर्शन-2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित किए जाने वाले क्षेत्रों को अंतिम रूप दिया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त क्षेत्रों के चयन के कारणों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और केरल राज्य से चुने गए और चयनित क्षेत्रों की औसत संख्या सहित इन क्षेत्रों का विकास किस प्रकार किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार का इडुक्की और मलंकारा बांधों के आस-पास के क्षेत्रों को विकसित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को उक्त परियोजना को पूरा करने के संबंध में केरल सरकार से कोई पत्र प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने इस परियोजना को समय पर पूरा करने के संबंध में कोई निर्णय लिया है; और

(च) यदि हां, तो उक्त परियोजना के पूरा होने की संभावित समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (च): पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक एवं गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण के साथ स्थायी एवं युक्तसंगत पर्यटन गंतव्यों के विकास के लिए अपनी स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में स्वदेश दर्शन योजना को नया रूप दिया है। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य/संघ राज्यक्षेत्र एक राज्य संदर्शी योजना (एसपीपी) तैयार करेंगे तथा पर्यटन मंत्रालय को प्रस्तुत करेंगे। तत्पश्चात् एसपीपी का मूल्यांकन किया जाता है तथा योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार गंतव्यों का चयन किया जाता है।

एसडी 2.0 के अंतर्गत विकास हेतु केरल से गंतव्यों को अन्तिम रूप नहीं दिया गया है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने 2015-16 में 'पत्तनमतिट्टा - गावी - वागामोन - तेक्कडी के विकास' के लिए 70.35 करोड़ रुपये की एक परियोजना को मंजूरी दी है जिसमें इडुक्की के पर्यटन संबंधी घटक का विकास शामिल था। राज्य सरकार के अनुसार, इडुक्की में भौतिक रूप से कार्य पूर्ण हो गया हैं।

*****